**Regarding need for recruitment of staff in Education and Health Departments in Dadra and Nagar Haveli Parliamentary Constituency-Laid**

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली) **:** मेरे संसदीय क्षेत्र दादर और नागर हवेली में पिछले कई सालों से स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों जैसे कि मेडिकल ऑफिसर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य तकनीकी पदों के साथ ही शिक्षा विभाग में भी शिक्षकों (प्राथमिक, उच्च प्राथमिक), व्याख्याताओं और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों लिए भर्तियां नहीं की गई हैं । शिक्षकों और स्वास्थ्यकर्मियों के पर्याप्त संख्या में न होने से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है । मौजूदा कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ रहा है । अस्पतालों में मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है और स्कूलों में शिक्षकों की कमी से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है । शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण आधार हैं । इन क्षेत्रों में कर्मचारियों की कमी से क्षेत्र के समग्र विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है । यदि नियमित भर्तियां नहीं होती हैं, तो विभागों को कामकाज चलाने के लिए अस्थायी कर्मचारियों पर अधिक निर्भर रहना पड़ सकता है, इसलिए सम्बंधित मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहती हूँ शिक्षा और स्वास्थ्य विभागों मे नियमित भर्तिया की जाये जिससे मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों क़ो लाभ मिल सकेगा ।